an>

Title: Regarding providing the names of the seven companies of India providing ISI materials to make explosives and take necessary action against them.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। कुछ अखबारों में खबर छपी है कि आई.एस.आई.एस. को विस्फोटक बनाने का सामान सात भारतीय कंपनियों द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। यह अचंभित करने वाला खबर है। आज यह खबर 'दैनिक जागरण' में छपी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आई.एस.आई.एस. को विस्फोटक बनाने का सामान बीस देशों से मिलता है। इन देशों में 51 कंपनियों से आतंकी संगठनों को सामान की आपूर्ति की जा रही है, जिनमें से सात कंपनियां भारत की हैं। मैं सदन से चाहता हूं कि वे सात कंपनियां कौन हैं, वे कौन-सा काम करती हैं, उसको पता लगा कर, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Kaushalendra Kumar.